लापरवाही

अभिभावकों ने वीडियो बनाकर कलेक्टर और मुख्यमंत्री से की कार्रवाई की मांग, छात्राओं को अकेला छोड़ भागा बस चालक

कैम्प से लौटी नाबालिग आदिवासी छात्राओं के साथ जिम्मेदार रहे नदारद

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. बुधवार तड़के सुबह बीजाडांडी में एनसीसी कैंप से लौट रहीं तीन दर्जन से अधिक नाबालिग आदिवासी छात्राओं को राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकेले छोड़ने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना ने एनसीसी अधिकारियों और संबंधित स्कूल प्रबंधन की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी अनुसार रांझी जबलपुर में आयोजित एनसीसी कैंप से इन छात्राओं को बुधवार देर रात्रि करीब 3.30 बजे एक बस में बिठाकर भेजा गया। बस चालक ने इन छात्राओं को बिना किसी महिला सुरक्षाकर्मी या गार्ड की निगरानी के तड़के करीब 4.40 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बीजाडांडी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर छोड़कर भाग गया। छात्राओं ने किसी तरह अपने परिजनों को फोन कर बुलाया। जिन अभिभावकों के पास साधन थे, वे तुरंत पहुँचे, लेकिन 10 से 15 किमी दूर के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

अभिभावकों का आक्रोश

छात्राओं के अभिभावकों ने इस घोर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि लाखों रुपये का वेतन लेने वाले अधिकारियों और स्कूल के जिम्मेदारों को इतनी रात में नाबालिग छात्राओं को बिना सुरक्षा अकेले भेजने में शर्म नहीं आई। एक चिंतित अभिभावक ने पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल में कैद कर लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से कलेक्टर सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री को टैग कर कार्रवाई की मांग की है।

जिम्मेदार का विरोधाभासी बयान

जिले के संवेदनशील कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल इस मामले की जाँच के आदेश दिए हैं। वहीं जब एक मीडिया कर्मी ने सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता से बात की तो उनका कहना था कि सभी छात्राओं को महिला शिक्षकों की निगरानी में लाया गया और 5.20 बजे बीजाडांडी में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने छोड़ा गया जिसके बाद छात्राओं के परिजन आए और छात्राओं को लेकर चले गये। हालांकि वीडियो बनाने वाले अभिभावक ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि जब वह अपनी बच्ची को लेने गए थे, तब वहां कोई भी महिला शासकीय कर्मचारी मौजूद नहीं थी। उन्होंने लापरवाह कर्मचारियों पर चोरी-छिपे देर रात छात्राओं को लाने और अकेले जाने को मजबूर करने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ

माह भर चला पूजन, अर्चन, कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा तटों पर सामूहिक कथा श्रवण

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंडला जिले में नर्मदा नदी के तटों पर श्रद्धालुओं का जन-सैलाब उमड़ पड़ा। कार्तिक माह में जलाशयों में स्नान के विशेष महत्व को देखते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने तड़के सुबह नर्मदा के पवित्र जल में डुबकी लगाकर विशेष पूजा-अर्चना की और पुण्य लाभ अर्जित किया।

यह धार्मिक सिलसिला पूरे कार्तिक माह तक चला, जिसकी पूर्णाहुति पूर्णिमा के दिन हुई। पूरे माह अनेक महिलाओं ने सूर्योदय से पूर्व नर्मदा में स्नान कर नियमित रूप से पूजन किया। कार्तिक पूर्णिमा के विशेष पर्व पर इन सभी व्रती महिलाओं ने शहर के विभिन्न घाटों पर सामूहिक रूप से इस पर्व को मनाया। शहर के प्रमुख नर्मदा तटों, जिनमें महिष्मती घाट, नाव घाट, गऊ घाट और पीपल घाट समेत अन्य नर्मदा घाटों में श्रद्धालुओं का तांता अल सुबह से लगा रहा। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। स्नान के बाद महिलाओं ने तट पर एकत्रित होकर कार्तिक पूर्णिमा की कथा का श्रवण किया और विधि-विधान से पूजन संपन्न किया। माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान और दान करने से मनुष्य को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। नर्मदा के घाटों पर सामूहिक पूजन, मंत्रोच्चार और कथा श्रवण से दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं ने सुख-समृद्धि और मंगल की कामना करते हुए इस पावन पर्व को उत्साह और आस्था के साथ संपन्न किया।

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को किया जागरूक, दी अपराधों से सुरक्षा पर जानकारी

डीएसपी (महिला सुरक्षा) के नेतृत्व में जिले भर में बाल सुरक्षा और साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत गुमशुदा अवयस्क बच्चों की शीघ्र एवं सुरक्षित दस्तयाबी, बाल अधिकार, बाल सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव के लिए मंडला जिला पुलिस द्वारा सतत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीएसपी महिला सुरक्षा मंडला के नेतृत्व में सेवा भारती छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि थाना मंडला द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रपटा घाट मंडला में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को ऑपरेशन मुस्कान, बच्चों के अधिकार, बाल सुरक्षा और बाल अपराधों से बचाव, साइबर क्राइम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इसी तरह थाना प्रभारी महाराजपुर द्वारा संगमघाट क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को ऑपरेशन मुस्कान के उद्देश्य, गुमशुदा बच्चों की त्वरित दस्तयाबी की प्रक्रिया व साइबर फ्रॉड से बचाव संबंधी सावधानियों से अवगत कराया गया। थाना नैनपुर द्वारा बालिका छात्रावास नैनपुर में कक्षा 9वीं से 12वीं की लगभग 60 छात्राओं को बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, गुड-टच, बैड-टच एवं हेल्पलाइन नंबर संबंधी जानकारी दी गई। इसके साथ ही थाना बिछिया द्वारा घुटास बीट में एवं थाना घुघरी द्वारा ग्राम कंडरा में ग्रामीण नागरिकों, अभिभावकों और महिलाओं को बच्चों की सुरक्षा, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने एवं रोकथाम उपायों पर जागरूक किया गया।

शराबी पति ने डंडे से पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या

- देवरी कला में सनसनीखेज वारदात
- बच्चों के सामने माँ को मारा, आरोपी पति गिरफ्तार
- 10 वर्षीय बेटे ने पुलिस को बताई पूरी वारदात

निवास 05 नबंवर नभाप्र. निवास थाना क्षेत्र के देवरी कला बबलिया गांव में बुधवार को एक सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई है। जहां एक शराबी पति ने मामूली विवाद के चलते अपनी पत्नी को बांस के डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। घटना की जानकारी मिलते ही निवास थाना प्रभारी वर्षा पटेल अपने पूरे स्टाफ के साथ मौके पर पहुँची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी अनुसार आरोपी अजय चौधरी 33 वर्ष देर रात शराब के नशे में घर लौटा। उसकी पत्नी रश्मि चौधरी 32 वर्ष के साथ उसका खाने को लेकर विवाद हुआ। शराब के कारण यह विवाद इतना बढ़ गया कि अजय ने घर में रखे एक बांस के डंडे से रश्मि को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बेटे ने दी जानकारी

सुबह सूचना मिलते ही थाना प्रभारी वर्षा पटेल टीम के साथ घटना स्थल पहुंची। पुलिस के सामने मृतक के दस वर्षीय बेटे ने पूरी घटना बताई कि किस तरह उसके पिता ने शराब पीकर माँ से झगड़ा किया और डंडे से मार-मार कर उसकी हत्या कर दी। बच्चे के इस दर्दनाक बयान को सुनकर थाना प्रभारी भावुक हो गईं। निवास पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पति अजय चौधरी को हिरासत में ले लिया है।

नारायणगंज में हुआ पोस्टमार्टम

बताया गया कि अपनी पत्नि की हत्या करने वाले आरोपी पति को निवास पुलिस ने गिरफ्तार कर पंचनामा बनाकर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नारायणगंज सीएचसी भेजा गया। जहां सीएचसी नारायणगंज सीबीएमओ डॉ. एएल कोल, डॉ. राकेश विश्रेई द्वारा मृतिका का पीएम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की आगे की विस्तृत जांच कर रही है।

बच्चों के सामने हुई घटना

घटना के वक्त आरोपी के दो छोटे बच्चे एक दस वर्षीय बेटा और छह वर्षीय बेटी भी मौजूद थी। बच्चों ने चीख, पुकार मचाई और पड़ोसियों को बुलाया, लेकिन जब तक पड़ोसी पहुंचे, तब तक रश्मि की मौत हो चुकी थी। पड़ोसी अजय चौधरी के नशे में होने के कारण दोनों बच्चों को अपने पास ले गए और इसके बाद सुबह पुलिस को सूचना दी।

जंगल में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए दो जुआरी

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में अवैध जुआ-सट्टा पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी टाटरी पुलिस ने ग्राम सिमराहा के जंगल में जुआ खेल रहे दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई चौकी टाटरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिमराहा के जंगल में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे, लेकिन दो आरोपियों चेतराम जंघेला 40 वर्ष और संदीप जंघेला 28 वर्ष दोनों निवासी ग्राम ग्वारा को मौके पर पकड़ा गया। पुलिस ने जुआरियों के पास से 4 हजार 100 नगद, 52 ताश के पत्ते, एक मोबाइल फोन और जुआ खेलने में प्रयुक्त एक अर्टिका कार क्रमांक एमएच 48 एफ 4725 जब्त की। जब्त किए गए कुल मशरूका का अनुमानित मूल्य 4 लाख 14 हजार 100 रूपए बताई गई।

बताया गया कि आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम एवं संगठित अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने जुआ खिलाने वाले मुख्य सरगना गणेश पटेल की पहचान कर ली है और फरार हुए अन्य जुआरियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है। यह पूरी कार्रवाई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पुनीत वाजपेई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. मंडला पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा नाबालिगों की सुरक्षित दस्तयाबी और बाल सुरक्षा को लेकर निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले के विभिन्न थानों द्वारा स्कूली छात्राओं, शिक्षकों और आमजन के बीच जानकारी साझा की गई। थाना खटिया के आवासीय बालिका छात्रावास, मोचा में छात्राओं को बच्चों के अधिकार और बाल अपराधों से बचाव पर मार्गदर्शन दिया गया।

संतों के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प, पूजन, भजन-कीर्तन और लंगर का आयोजन

भुआ बिछिया में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में प्रकाश उत्सव और संत नामदेव जी की मनाई जयंती

भुआ बिछिया 05 नबंवर नभाप्र. बिछिया विकासखंड के गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार चार टोला पांडू ताला में श्री गुरु नानक देव की 556वीं जयंती और विश्व संत शिरोमणि श्री नामदेव की जयंती सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह पूजन-पाठ के साथ हुआ। सर्वप्रथम ग्रंथि निर्मल सिंह द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ कर दोनों संतों का पूजन किया गया। इसके बाद नामदेव समाज के वरिष्ठ रामस्वरूप नामदेव ने संत श्री नामदेव जी का पूजन अर्चन किया। पूजन के बाद आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। समाज के सदस्यों ने उद्बोधन देते हुए सभी से निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने और संतों के विचारों को आत्मसात करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का समापन भंडारा एवं लंगर के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, माताओं और युवाओं ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन ओम नामदेव और आभार प्रदर्शन राकेश नामदेव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदेश नामदेव, रामनारायण नामदेव, मदन सलारिया गढ़ी, चिंटू नामदेव मुग्दरा, राहुल नामदेव, मुकेश नामदेव शिवांग नामदेव, संस्कार नामदेव, आदर्श नामदेव, हर्ष नामदेव, सजल नामदेव, विक्की, राजकुमार, पूरन सहित सभी वरिष्ठजनों, माताओं एवं बहनों का सहयोग रहा।

डुडडुम गौशाला में गौ माता का पूजन कर जैविक खेती करने किया प्रेरित

प्रशिक्षार्थियों ने गौवंश की महत्ता बताई, पशु केसीसी और गोपाल पुरस्कार योजना से जुड़ने का आह्वान

नैनपुर 05 नबंवर नभाप्र. नैनपुर की डुडडुम ग्राम पंचायत स्थित मधुवन गौशाला में मप्र जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार प्रकृति पूजन एवं गौ संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों और नवांकुर संस्थाओं के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौ पूजन और गौ माताओं का तिलक वंदन कर उन्हें रोटियाँ खिलाने के साथ हुई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक सीता उईके, परामर्शदाता और विद्यार्थियों ने मानव जीवन, कृषि और प्रकृति में गौवंश की महत्ता को विस्तार से प्रस्तुत किया। पंडित निशांत वैष्णव ने गौ माता के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गौपालन को बढ़ावा देने, गोबर-मूत्र का उपयोग कर जैविक खेती को आगे बढ़ाने और गौ माता की रक्षा के लिए सभी को प्रेरित किया गया। इस दौरान उपस्थित पशुपालकों को प्रदेश सरकार की पशु केसीसी योजना और गोपाल पुरस्कार योजना से जुड़कर लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। जनअभियान परिषद द्वारा यह पहल गौ संरक्षण के लिए जन जागरण के लिए की जा रही है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्रामीण अधिकार मंच का सहयोग रहा। कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के समस्त विद्यार्थी शिवम कटारे, राजकुमार यादव, ईश्वर भाँवरें, विद्यार्थी और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अनिल जंघेला, नवांकुर संस्था अध्यक्ष किरण भारद्वाज व सचिव उपस्थित रहें।

गुरु नानक जयंती पर पूज्य सिंधी गुरुद्वारा साहिब पहुंचे कलेक्टर व एसपी

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. गुरु नानक देव की 556वीं जयंती के पावन अवसर पर जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा बुधवार को सिंधी गुरुद्वारा पहुँचे। दोनों अधिकारियों ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और जिले में शांतिए सौहार्द एवं समृद्धि की कामना की।

गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं एसपी रजत सकलेचा का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। इस दौरान संगत ने गुरु वाणी का मधुर कीर्तन किया और श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा व भक्ति के साथ लंगर में सहभागिता की।

बम्हनी बंजर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी मंडला के निर्देशानुसार नगर परिषद बम्हनी बंजर द्वारा बाजार क्षेत्र में राजस्व और नगर पालिका के संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान सड़क और दुकान की निर्धारित लाइन के बाहर रखे गए सामान को नगर परिषद के कर्मचारियों ने जप्त किया तथा संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए रसीद काटी गई।

अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी जिससे बाजार क्षेत्र में सुगम यातायात और स्वच्छता बनाए रखी जा सके।

साइबर फ्रॉड से बचने के बताए उपाय, ग्रामीणों को किया जागरूक

आरबीआई परियोजना मनीवाइज के तहत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

मंडला 05 नबंवर नभाप्र. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रायोजित और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की परियोजना मनीवाइज समर्पित के तहत मंडला जिले के तीन ब्लॉकों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया गया कि यह कार्यक्रम सीएफएल मंडला द्वारा नैनपुर की ग्राम पंचायत मक्के, ब्लॉक बिछिया की ग्राम पंचायत कटंगामाल और बीजाडांडी की ग्राम पंचायत पोंड़ी में आयोजित किया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को बैंकिंग की बुनियादी प्रक्रियाओं री-केवाईसी और डीबीटी के महत्व को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा और बचत योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम अटल पेंशन योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों और आवेदन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

डिजिटल सुरक्षा पर दिया जोर

आयोजित कार्यक्रम में लोगों को डिजिटल लेन-देन और उसकी सुरक्षा, केवाईसी, ईकेवाईसी की प्रक्रिया समझाई गई। इसके साथ ही वर्तमान में बढ़ रहे सायबर फ्रॉड के तरीकों से अवगत कराते हुए उनसे सुरक्षित रहने के आवश्यक उपाय और सावधानियां भी बताई गईं। इस दौरान ब्लॉक काउंसलर पूजा बरमैया, स्वाति सोनी, जॉन्स जॉय और रीजनल ऑफिसर लक्ष्मी पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

परंपरा

मेला में लगी तरह-तरह की दुकानें, बच्चे, बड़ों ने लिया मेले का आनंद

नारायणगंज मड़ई के पहले दिन उमड़ा जन सैलाब

नारायणगंज 05 नबंवर नभाप्र. जिले में एकादशी पर्व के बाद मड़ई मेले का आयोजन शुरू हो जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसे साल भर का एक बड़ा त्योहार माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह मड़ई चंडी का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जिले के विकासखंड नारायणगंज में तीन दिवसीय मड़ई का आयोजन शुरू हुआ। नारायणगंज मड़ई जिले भर में प्रसिद्ध है। यहां हर प्रकार की दुकानें लगाई जाती है। मेले में व्यापारी भी जिले समेत अन्य जिलों से अपना व्यापार करने पहुंचते हैं। पहले दिन मेले में जन सैलाब उमड़ा। नारायणगंज बस स्टेंड से लेकर मेला स्थल तक सिर्फ जन समूह की भीड़ दिखाई दे रही थी। पैदल चलना भी दूभर हो गया था। बुधवार को मढ़ई का पहला दिन था। आगामी दो दिन मढ़ई में जिले समेत अन्य क्षेत्रों के लोग खरीददारी करने के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचेगे।

पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

नारायणगंज की मड़ई में पुलिस प्रशासन का भरपूर योगदान रहता है। मेले में आई भीड़ को काबू करने के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए पुलिस मुस्तैद रही। मड़ई स्थल में पुलिस प्रशासन की नजर रही। जिससे मेला स्थल में कोई अप्रिय घटना घटित ना हो।

साल भर करते हैं लोग इंतजार

नारायणगंज की मड़ई क्षेत्र की सबसे बड़ी मड़ई है। यह मड़ई देवउठनी ग्यारस के बाद पड़ने वाले बुधवार के दिन भरना प्रारंभ होती है। यहां वर्षो से यह परंपरा चली आ रही है। बुधवार का दिन नारायणगंज का साप्ताहिक बाजार का दिन भी होता है। जिसके कारण मड़ई के प्रथम दिन लोगों का हुजूम रहता है। नारायणगंज मेले में तीन दिन मड़ई स्थल में जमकर भीड़ रहती है, तरह-तरह की दुकानें सजाई गई। क्षेत्र समेत जिले के बाहर के व्यापारी मेला स्थल में आकर दुकाने लगाई है। लोगों को कहना है कि नारायणगंज जैसा मेला कहीं ओर देखने को नहीं मिलता है, लोग यहां साल भर इंतजार करते है।

हेल्पलाईन-9713644800

माँ नर्मदा होम कॉलोनी

(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)

कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध

शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर

आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये

बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त

कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस

स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री

मो.- 7828214860, 8305671202

पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)

सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला